Seventeenth Loksabha

>

Title: Regardig filling up vacant posts of Principals in Chhattisgarh-laid.

श्री मोहन मंडावी (कांकेर) : छतीसगढ़ राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित हाई एवं हायर सेकेन्डरी स्कूलों मे प्राचार्यों के लगभग 3500 से अधिक पद रिक्त है । मेरे संसदीय क्षेत्र के मुख्यालय कांकेर जिला मे अमूमन 200 प्राचार्यों के पद रिक्त है । भारत सरकार द्वारा कांकेर जिला को समग्र विकास के लिए महत्वाकांक्षी जिले के रूप मे घोषित किया गया है । लेकिन अत्यंत खेद के साथ अवगत करना पड़ रहा है कि कांकेर जिले मे ही संचालित 241 हाई एवं हायर सेकेन्डरी स्कूलों मे से लगभग 200 स्कूल प्राचार्य विहीन है जिनका संचालन पूरी तरह से प्रभारियों के ही भरोसे ही किया जा रहा है ।

छतीसगढ़ राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा हजारों शालाओं मे प्राचार्यो के पद रिक्त रहने के बावजूद भी वरिष्ठ व्याख्याताओं एवं प्रधान अध्यापकों की 12-15 वर्षो से एक ही पद पर कार्य करने के बाद भी पदोन्नति नहीं किए जाने से उन शिक्षकों मे निराशा एवं हताशा का भाव आ गया है ।

अत: एजुकेशन एवं ट्रायबल संवर्ग के व्याख्याताओं एवं प्रधान अध्यापकों की प्राचार्य के पद पर पदोन्नति की मांग को लेकर सदन के माध्यम से संज्ञान मे लाते हुए नियमत: उचित कार्यवाही की पुरजोर मांग करता हूँ ।